**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई शिविर का हुआ शुभारंभ

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्रा इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला में गुरुवार 6 मार्च से किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ टांडेकर ने किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी ने बताया कि इस शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, पॉलिथीन मुक्त ग्राम अभियान, बाल सरक्षण, पर्यावरण जागरुकता अभियान, साइबर अपराध सुरक्षा अभियान और जल संरक्षण अभियान शामिल हैं।इस शिविर में 48 स्वयंसेविकाओं ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। उद्घाटन के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रोफेसर आरडी वाडिवा, प्रोफेसर आर के चंदेल, डॉ एसके शेण्डे, डॉ के सोनगरा, नीरज पाल सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### बच्चों को टूथ पेस्ट एवं पेन का किया वितरण




**छिंदवाड़ा।** आईडीए सतपुड़ा शाखा द्वारा राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस (नेशनल डेंटिस्ट डे) के उपलक्ष्य में सीडीएसएन छात्रावास चन्दंगांव में दिव्यांग बच्चों के साथ केक एवं स्वल्पाहार के साथ मनाया, साथ ही बच्चों को टूथ पेस्ट एवं पेन वितरित किए गए तथा बच्चों का निशुल्क दांत परीक्षण कर उन्हें दंत सुरक्षा की जानकारी दी गयी।कार्यक्रम में आईडीए प्रेसिडेंट डॉ प्रिया भूतड़ा ,सचिव डॉ सोनल सिंह, डॉ मेघा जैन ,डॉ अनुष्का तिवारी , डॉ अनिश्री चण्डक उपस्थित थे। छात्रावास सहायक अधीक्षक भगत सर , हेमवती झरिया मैडम एवं नीतीश लिखितकार जी का विशेष योगदान रहा ।

## मायावाड़ी के भीमसेन में बन रहा मोक्षधाम के समीप भवन

# आंगनबाड़ी भवन को लेकर उठ रहा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम पंचायत मायावादी के भीमसेन में बन रहे आंगनवाड़ी भवन को लेकर विवाद खड़ा हो रहा है । मायावाड़ी के आबादी क्षेत्र भीमसेन में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य विवादित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है , कि पंचायत जहां निर्माण करवा रही है, वह श्मशान क्षेत्र है । केन्द्र जाने वाले मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं पर उसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा । वे भयभीत हो सकते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सडक़ किनारे सरकारी जमीन है, जिसपर अस्थाई अतिक्रमण है, उस जगह को कब्जामुक्त कर आंगनबाड़ी भवन निर्माण करवाया जाए । भीमसेन में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बनाने विगत 10 साल से विभागीय



प्रक्रिया जारी है । भवन निर्माण को लेकर आपसी सहमति नहीं बनने से मामला लंबित होता रहा है । ग्रामीणों का कहना है , कि आबादी क्षेत्र में शासकीय जमीन से अस्थाई कब्जा हटाकर वहां निर्माण करने से भी को सुविधा होगी।

वहीं पंचायत ने मोक्षधाम के समीप भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। पंचायत सचिव श्रवण कनौजिया कहते हैं कि उपयुक्त स्थल चयन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।

ग्रामीण पूर्व में जिस जगह निर्माण कार्य प्रस्तावित कर रहे थे, उसमें अतिक्रमण है। सनद रहे कि पूर्व में इस जमीन से तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई थी, किन्तु बाद में उसी कब्जाधारी ने पुनः अस्थाई कब्जा कर लिया है ।

## जल्द शुरू होगी मोहन कॉलरी और भारत ओपन कास्ट खदानें

# सांसद बंटी साहू के प्रयासों से कोयलांचल में फिर लौटेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा पांढुरना में विकास की गति को रफ्तार देने के लिए सतत प्रयास कर रहे सांसद श्री बंटी विवेक साहू की पहल पर अब एक नई उपलब्धि हासिल हुई है। सांसद श्री साहू के प्रयासों से कोयलांचल क्षेत्र में फिर से रौनक लौटने वाली है। कोयलांचल क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या के निदान के लिए श्री साहू सतत प्रयास कर रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि अब नई खदानें मोहन कॉलरी मोआरी खदान और भारत ओपन कास्ट खदानें जल्द शुरू होगी।इसके लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है।

दरअसल पिछले दिनों सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय कोयला मंत्री श्री जी किशन रेड्डी एवं केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर नई खदानों को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया था। इसी परिप्रेक्ष्य में दिल्ली में 5 मार्च को वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एफएसी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मोहन कॉलरी मोआरी खदान और भारत ओपन कास्ट खदानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के बाद वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दोनों ही खदानों के लिए प्रथम चरण की स्वीकृति हेतु कुछ शर्तों के साथ अनुशंसा कर दी है। जिसके पश्चात खदानों को संचालित किया जा सकेगा। कोयलांचल क्षेत्र में लंबे समय से खदानें खोलने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा होती रही है।सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा खदानों को खोलने के लिए लगातार प्रयास किये गए।

# धुरेंडी पर स्टंटबाजी करने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

## गुरूवार को लगेगा साप्ताहिक बाजार, होली के लिए जमकर होगी खरीददारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज स्थानीय कलेक्टर सभाकक्ष में आगामी दिनों में होने जा रहे होली एवं रमजान पर्व शांतिपूर्वक मनाए जाने एवं इस अवसर पर उचित व्यवस्थाएं बनाने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने कहा कि होली त्यौहार शांति, सद्भावना और भाईचारे के साथ मनाया जाए। इसमें प्राकृति रंगों का उपयोग किया जाए ना कि तेल एवं पेंट जैसी चीजों का। इसके साथ रमजान के मौके पर नमाज के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं बनाई जाए। इसके साथ ही होली, धूरेंडी एवं रंगपंचमी के मौके पर ध्वनी विस्ताकर यंत्रों का उपयोग सर्वथा प्रतिबंधित रहेगा। साप्ताहिक बाजार शुक्रवार की बजाय गुरूवार को किया जा रहा है।

जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश ने कहा कि स्टंटबाजी करनेवालों पर हमारी नजर रहेगी। होलिका दहन पर पेडों को काटा ना जाए और कंडो का अधिकतम प्रयोग किया जाए। इन त्यौहारों के दौरान शहर भर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पुलिस द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। बाईक पर तीन तीन सवारी चलने तथा नशा कर होली मनाने वालों के खिलाफ उचित कारवाई की जाएगी।

धूरेंडी के दिन शुक्रवार पड रहा है और रमजान माह के कारण मस्जिदों में भीड होती है इसलिए पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की जाएगी। बैठक के अंत में कलेक्टर महोदय द्वारा सभी धर्मावलंबियों को सभी धार्मिक त्यौहारों को लेकर अग्रिम बधाई दी ।

### शनिवार को निगम क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति होगी प्रभावित

**छिंदवाड़ा।** शनिवार को सुबह 9 बजे से 9 मार्च की रात्रि 12 बजे तक जम्होड़ीपंडा पाइप लाइन का लीकेज मेंटनेंस प्रस्तावित किया गया है। जिसके कारण धर्मटेकरी वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट बन्द रहेगा। उपरोक्त समय मे शिक्षक कॉलोनी, ढिमरीढाना सारसवाड़ा, खापाभाट, कुकड़ा जगत, सर्वोत्तम नगर क्षेत्र लहगडुआ, सोनाखार, बोहता, लालबाग, श्रीवास्तव कॉलोनी कुसमेली, अजनिया, परतला पोआमा, बोरिया, सोनपुर, सिवनी प्राणमोती सहित वार्ड 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 16, 22, 24, 28,30 एवं 48 की पेयजलापूर्ति प्रभावित होगी।

# कांग्रेस ने फूंका पीएम, केंद्रीय मंत्री एवं सांसद का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज यहां तीन शेर चौक पर एकत्र होकर जिले भर के कांग्रेसियों ने प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी, केद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल एवं सांसद बंटी साहू का पुतला फूंका।

पूर्व सीएम कमलनाथ पर सांसद बंटी साहू द्वारा की गई टिप्पणी को कांग्रेस नेताओं ने अभद्र बताया तथा केद्रीय पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी कहे जाने के खिलाफ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उक्त तीन पुतलों का दहन किया।

इसके पूर्व समस्त कांग्रेसजन तीन शेर चौक पर स्थित डॉ. अंबेडकर पार्क में एकत्र हुए और पैदल मार्च कर जिला पुलिस अधिक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विधायक निलेश उईके, सौंसर



विधायक विजय चौरे, सुजित चौधरी, सुनील उईके, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, गंगाप्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेंस अध्यक्ष सुरेश झलके, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वास कांबे, नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे के अलावा अनेक उपस्थित थे।

## आधार फाउंडेशन में आयोजित हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके के हस्ते सम्मानित हुई जिले की मातृशक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की मंगल बेला पर सामाजिक संस्था आधार फाउंडेशन एवं सक्षम ने छिंदवाड़ा के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में जिले की मातृ शक्तियों को सम्मानित कर उन्हे सम्मानित किया।

सुंदर एवं सफल आयोजन की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइयाजी उईके, विशेष अतिथि प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सह - संचालिका बी. के. शक्ति दीदी उपस्थित रही। इस अवसर आधार के दिव्यांग बच्चों ने सुंदर स्वागत गीत सहित मंगलाचरण प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया, सभा का सफल संचालन श्रीमती वंशिका जैन द्वारा



किया गया।इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके ने सुंदर आयोजन की सराहना कर सभी मातृ शक्तियों का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी ओर अपना जीवन परिचय सुनाकर सभी को अपने अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए परिवार, समाज एवं मां भारती की सेवा करने की अपील की। उन्होंने क्षय रोग रहित हो भारत अपना के मित्र के रूप में एक परिवार को कीट वितरित कर शुभकामनाएं दी।

### ट्रिपल इंजन की सरकार से हो रहा विकास : बंटी

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार से चौहुमुखी विकास हो रहा है। अब दोनों जिले के निवासियों को हर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। अब गांवों में ही मरीजों का इलाज हो सकेगा, उन्हें अपने इलाज के लिए विकासखण्ड या जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगें। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने परासिया विधानसभा क्षेत्र में 5 उपस्वास्थ्य केन्द्रों का भुमिपूजन करते हुए क्षेत्रवासियों को 3 करोड़ 25 लाख की सौगात देते हुए व्यक्त किये। सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने ग्राम झुर्रे, तीतरा डुंगरिया (पगारा), सेतपरात, खजरी अंतू एवं पटपड़ा में 65-65 लाख की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्रों का गुरूवार को भुमिपूजन किया। इस दौरान भुमिपूजन कार्यक्रमों में उपस्थित जनसमुदाय को संबांधित करते हुए सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के माध्यम से पूरे देश भर में लागू की गई आयुश्मान योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

## जिले में पहली बार केले की खेती का नवाचार

# केले की खेती का नवाचार देखने उमरड पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले में हो रही केले की खेती का नवाचार कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा आज देखा गया। विकासखंड छिंदवाड़ा के ग्राम उमरड में केले की 8 से 10 एकड़ में खेती श्री कमलनाथ उर्फ घनानंद पटेल पिता भूरेलाल पटेल द्वारा की जा रही है। केले गोभीवर्गीय कुल की सब्जी है, जो कि ठंडे इलाके में होती है। छिंदवाड़ा जिले में भी इसका होना जिले के लिए एक नई संभावना हो सकती है। इसका प्रयोग सलाद, सब्जी, केल पाउडर आदि के रूप में प्रयोग किया जाता है। विशेष तौर में केल में एंटी कैंसर तत्व, खनिज, कोलेस्ट्रॉल, वजन एवं रक्त शर्करा को कम करने का कार्य करती है।



इसे लगाने का उपयुक्त समय मध्य सितंबर से मध्य अक्टूबर के बीच का है। साथ ही इसकी उपज 10 से 12 टन प्रति एकड़ प्राप्त की जा सकती है। बड़े शहरों में इसकी कीमत 200 से 300 रूपये प्रति किलो की दर से है। साथ ही केले पाउडर की कीमत 1500 से 2000 रूपये प्रति किलो तक मिलती है। इसका एक महीने का तैयार रोपा खेत में लगाया जाता है तथा इसकी पहली तूड़ाई रोपाई के 55 से 70 दिन के बाद की जा सकती है।

इसके बाद प्रगतिशील कृषक संदीप रघुवंशी के यहां कलेक्टर श्री सिंह द्वारा हाईटेक नर्सरी एवं हाईटेक विद्युत पंप के साथ ही केले की खेती का अवलोकन किया गया। प्रगतिशील कृषक द्वारा सब्जियों की नर्सरी तैयार कर छिंदवाड़ा जिले के साथ ही अन्य जिलों में भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस नवाचार से कृषक का वर्ष भर का टर्नओवर एक से डेढ़ करोड़ के बीच होता है। इस दौरान जिले के उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह, उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आर.सी.शर्मा, उप संचालक उद्यानिकी एम.एल.उईके, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.डी.सी.श्रीवास्तव, वैज्ञानिक सुश्री रिया ठाकुर, अनुभागीय कृषि अधिकारी नीलकंठ पटवारी, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्री उईके मौजूद रहे।




### अधिकारियों को ज्ञापन देने बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही

# गेट में लकड़ी फंसने से हर दिन बह रहा बोरगांव में हजारों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



ग्राम पंचायत बोरगांव क्षेत्र वासियों को इन दिनों पेयजल की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है हालांकि पंचायत सरपंच पंकज दातारकर के द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ बीते दिनों सौसर प्रशासन को पेयजल से हो रही समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए व्यवस्था बनाने की मांग की गई है

बावजूडिस के संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं बनाने के चलते औद्योगिक क्षेत्र वासियों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है।इधर सद्भावना मंच बोरगाव के पदाधिकारियों ने जलाशय से हो रहे जल अपव्यय को रोकने के लिए सौसर प्रशाषन को ज्ञापन सौंपने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है।ग्रामीणों ने बताया की प्रशासन की उदासीनता के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि जलाशय का गेट अज्ञात लोगों द्वारा खोल दिया गया, जिससे लगातार पांच दिनों से कीमती पानी नाले में बह रहा है। गेट में लकड़ी फंसने के कारण वह ठीक से बंद नहीं हो पा रहा है। लेकिन जल संसाधन विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे जलस्तर गिरता जा रहा है और गर्मी में पेयजल संकट की आशंका गहराने लगी है। प्रशासन से जलाशय के गेट की मरम्मत और जल संरक्षण के उपाय करना चाहिए। व्यवस्था नहीं बनने पर सद्भावना मंच की ओर से आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। सद्भावना मंच के प्रदीप कालपांडे एवं बोरगांव सरपंच पंकज दातारकर ने बतायापेयजल संकट गहराने पानी की बर्बादी और गेट की मरम्मत आदि मांगों को लेकर संबंधित विभाग और सौसर प्रशासन को ज्ञापनों के माध्यम से सूचित किया गया है बावजूद इसके अधिकारियों के द्वारा व्यवस्था नहीं बनाई जा रही जिसके चलते हर दिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है वहीं लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

## सौंसर में धूमधाम के साथ में होगा श्रीराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न हुई है।बैठक के दौरान समिति पदाधिकारी के द्वारा आयोजन को लेकर चर्चा की गई।सिविल लाईन्स स्थित हनुमान मंदिर परिसर में समिति पदाधिकारियो की बैठक में नगर में लाईटिंग, डेकोरेषन, स्थायी एवं चलित झांकी, पुरस्कार आदि को लेकर रूपरेखा बनाई गई।

बैठक में प्रमुख रूप से समिति अध्यक्ष अजय अढाऊ, संजय राठी, पिंटू मानेकर, इंदरचंद्र डागा, मारोती लोणारे,उदय ढाले, नरेष बोडखे, अषोक राठी, नरेश राठी, नीरज पूरी, बबलू उमाठे, निलेष खंडाइत, संजय जायसवाल, सुनील भानगे, एकनाथ सूर्यवंषी, संजय चावके, दर्षन झाडे, ओम बागानी,तनुल सूर्यवँशी आदि उपस्थित थे। समिति सदस्य निलेष जुननकर को चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक ट्रस्ट कमेटी में सदस्य बनाये जाने पर शाल श्रीफल से सत्कार किया गया। आयोजन की जानकारी देते हुये समिति अध्यक्ष अजय अढाऊ ने बताया कि, बैठक में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। हमारे द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी षहर की साज सज्जा, लाईटिंग, राम जन्म उत्सव, स्थाई झाकी, चल झाकी समारोह के साथ विविध आयोजन सम्पन्न कराये जायेगे।

## 5 लाख 13 रुपए से अधिक की लागत से लगेंगे पेवर ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



जुन्नारदेव में नगर पालिका की ओर से नाली निर्माण के साथ अन्य विकास कार्य किया जा रहे हैं। गुरुवार दोपहर वार्ड नंबर 9 में विकास कार्य अंतर्गत 5 लाख 13 रुपए की लागत से लगाए जा रहे पेवर ब्लॉक कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। दरअसल, शहर के वार्ड नंबर 9 में पंडित रविशंकर शुक्ल रोड से लंबे समय से पेवर ब्लॉक लगाने की योजना थीं। आज इसके लिए भूमि पूजन कार्यक्रम पंडित रवि शंकर के पास आयोजित किया गया। इस भूमि पूजन के बाद वार्ड वासियों व वार्ड पार्षद अमित यादव ने नगर पालिका अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जुन्नारदेव नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, संजय जैन सभापति राजेंद्र सूर्यवंशी पार्षद अमित यादव, भाजपा नेता दीपेश जैन,शरद दादा,देवेंद्र टांडेकर, अमित जैन,रोहित मालवीय,सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी एवं नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## साक्षी ने पीजीडीसीए परीक्षा में जिले में किया प्रथम स्थान प्राप्त

**सौंसर।** नगर की कुमारी साक्षी खंडाईत ने गत दिनों पीजीडीसीए परीक्षा के परिणाम मे पांढुर्ना जिले से प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। साक्षी ने पीजीडीसीए का कोर्स नगर के सॉफ्टेक इंस्टिट्यूट से किया। कुसाक्षी की इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संघटन मध्य प्रदेश, श्री सती अनुसया माता जन्मोत्सव समिति, श्री सती अनुसया माता युवा ब्रिगेड के साथी विधायक विजय चौरे,पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील भांगे आदि ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर कुमारी साक्षी की प्रशंसा करते हुए स्वागत सत्कार करते हुए शुभकामनायें एवं बधाई दी गयी



## रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

कॉलेज का रासेयो शिविर प्रारंभ शासकीय महाविद्यालय बिछुआ की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ दिनांक 6 मार्च 2025 को हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों ने शिविर के प्रथम दिवस एनएसएस गीत, और पिछले शिविर के अनुभव को साझा किया। नारे लगाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। परियोजना कार्य के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर एकत्रित कचरे का विधिवत निस्तारण किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ शशि उइके, डॉ नसरीन अंजुम खान, डॉ मनिता कौर विरदी, डॉ शिवानी सोनी, डॉ अनिल अहिरवार, डॉ अजीत डेहरिया, श्री मनीष पटेल समस्त स्टाफ एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे । प्राचार्य डॉ आर पी यादव ने अपने शुभकाना संदेश में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा माध्यम जो स्वयंसेवकों को राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है । रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ नवीन कुमार चौरसिया के नेतृत्व में दल को शिविर स्थल सामरबोह रवाना किया।

## सर्प मित्र ने पकड़ा कोबरा



**जुन्नारदेव।** गुरुवार 6 मार्च को शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव परिसर में लगभग 5 फीट का इस प्रैक्टिकल कोबरा सर्प दिखाई देने से छात्र-छात्राओं सहित स्टाफ में वह का माहौल छा गया सर्प मित्र अकील सिद्दीकी को तत्काल सूचना दी गई जिस पर बिना तेरी करें सर्प मित्र द्वारा रेस्क्यू कर इस प्रैक्टिकल कब्र को पकड़ा गया। इसके बाद महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित स्टाफ ने राहत की सांस ली। सर्प मित्र द्वारा बताया गया कि उन्हें वन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान नहीं की जा रही है जहां तक की सांपों की रक्षा के लिए पकाने संबंधी किट भी वन विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है वह अपने स्वयं के वह पर इन जीवों की रक्षा कर रहे हैं। वर्तमान में जुन्नारदेव क्षेत्र में सर्पमित्र अकील सिद्दीकी और आकिब सिद्दीकी द्वारा लगातार नगरी क्षेत्र में निकलने वाले जहरीले सांपों को पड़कर जंगलों में छोड़ा जा रहा है रोजाना लगभग 10 से 15 सांपों का रिस्क इनके द्वारा किया जाता है।

## छठवीं से दसवीं तक के 109 विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड में सलेक्शन

**जुन्नारदेव।** शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा छठवीं से दसवीं तक के 109 विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड में सलेक्शन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले विज्ञान मेले उनके द्वारा विज्ञान के मॉडल बनने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।चुने जाने वाले विद्यार्थी को मॉडल और अन्य वैज्ञानिक आविष्कारों के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। सरकार की ओर से उसके खाते में दस हजार रुपए नए माडल बनाने के लिए डाले जाएंगे। विकासखंड जन्नारदेव में समस्त प्रधान पाठकों की बैठक लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ओपी जोशी ने इंस्पायर अवार्ड में विद्यार्थियों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया था। जिसके परिणामस्वरूप 109 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। जो अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत करेंगे

## सिविल न्यायालय लांजी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नईं दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट माननीय श्रीमान् प्राणेश कुमार प्राण व न्यायाधीश / सचिव श्रीमान् सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय बालाघाट एवं श्रीमान धरमचंद्र नागवंशी, व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड, लांजी न्यायालय में दिनांक 08 मार्च 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, दिवानी मामले, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्टना क्तिपूति दावा प्रकरण, सिविल, विद्युत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण श्रम प्रकरण, राजस्व मामले के प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन के अंतर्गत बैंक, विद्युत, नगरपालिका के वसूली प्रकरणों व चेक बाउन्स प्रीलिटिगशन प्रकरण आदि का आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जावेगा। तहसील विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय लांजी द्वारा अपील की जाती है कि आप अपने किसी न्यायालयीन प्रकरण या जलकर, सम्पत्तिकर, विदुत बिल, बैंक रिकवरी संबंधी प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते है, तो वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपसी सुलह द्वारा दिनांक 08 मार्च 2025 को जिला न्यायालय / तहसील न्यायालय में उपसिथित होकर इस अवसर का लाभ उठाये। अधिक जानकारी के लिये जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपरिथित होकर या म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के टोल फी नंबर 15100 पर निःशुल्क कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### किसानों, मछुआरों, पालतू मवेशियों और वन्य प्राणियों के सामने संकट

# मार्च में ही सूखने की कगार पर नहलेसरा जलाशय

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

क्षेत्र की मध्यम सिंचाई परियोजना नहलेसरा जलाशय गर्मी के शुरूआती माह मार्च के आरंभ में ही सूखने की कगार पर आकर खड़ा हो गया है. इस जलाशय में पानी की मात्रा इतनी कम बची है कि अब किसानों को रबी की फसल गेहूं की सिंचाई के लिए फिर से पानी दिया जाना संभव नहीं है जबकि कई गांवों के किसानों को अब तक फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया है. वरिष्ट भाजपा नेता जनपद सदस्य पूरन लाल चौधरी बताते है कि विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया. विभाग के पास कर्मचारियों की कमी होने से नहरों का मेंटनेंस नहीं हो पाया और जब नहरों में पानी छोड़ा गया तो पानी किसानों के खेतों में पहुंचने की बजाए व्यर्थ में ही बह गया कई गांवों तक पानी ही नहीं पहुंचा. अब अगर सिंचाई के लिए पानी नहीं मिला तो गेहूं की फसल प्रभावित होगी. वह बताते है कि बड़ी संख्या में किसानों के पास सिंचाई के लिए साधन नहीं है वह नहरों के पानी के भरोसे रबी की फसल लगाते है. फसल की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिला तो फसल बर्बाद हो जाएगी. उन्होंने बताया कि पाथरवाड़ा, कतरकना, मानेगांव, चौखंडी, महदुली सहित अन्य गांवों में जलाशय का पानी नहीं मिल पाया. कुछेक किसान मोटर पंप के सहारे गेहूं की फसल पकाने की कोशिश कर रहे है. मगर, फीडर सेपरेशन के बाद कृषि क्षेत्र में केवल 10 घंटे बिजली मिलने से वह भी फसलां की सिंचाई नहीं कर पा रहे है।



मार्च के आरंभ में ही नहलेसरा जलाशय के हालात को देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि मई-जून आते तक पूरा जलाशय सूख सकता है. जिसका सीधा असर किसानों, मछुआरों, पालतू मवेशियों और वन्य प्राणियों पर पड़ेगा. नहलेसरा जलाशय की मौजूदा स्थिति को देखकर इन जलाशय पर आश्रित मछुआरे काफी चिंतित और परेशान है. मछुआरों ने बताया कि जलाशय में पानी नहीं होने से मत्स्य पालन ना सिर्फ प्रभावित होगा बल्कि उन्हें काफी नुकसान भी हो सकता है. मछुआरे बताते है कि पानी की कमी की वजह से मछलियों का आकार नहीं बढ़ पाता. जिस कारण उचित फसल नहीं होती. नहलेसरा जलाशय में 135 मछुआरे मत्स्याखेट कर अपने परिवार का गुजर बसर करते है. नरेन्द्र मेश्राम और टेमचंद भूरे नामक मछुआरों ने बताया कि उनके और उनके जैसे और भी कई मछुआरे है जिनके पास खेती-बाड़ी नहीं है. वह नहलेसरा जलाशय में मत्स्याखेट करके ही अपने परिवार का पालन-पोषण करते है. साल भर इसी तालाब के जरिए उनकी आजीविका चलती है. इस वर्ष जलाशय के हालात बता रहे कि मछली पालन प्रभावित होगा. मछुआरों का कहना है कि अधिकारियों ने रबी की फसल के लिए अनाप-शनाप पानी छोड़ दिया. जिस कारण यह स्थिति निर्मित हुई है.जबकि किसानों का यह कहना है कि उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया है।

### इनका कहना है

नहलेसरा जलाशय से किसानों को पानी दिया गया है जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के लिए गहरीकरण नहीं किया जा सकता. जलाशय के भीतर मिट्टी के टीलों को हटाने का फैसला वरिष्ट अधिकारियों द्वारा लिया जाता है अभी हमने ऐसी कोई जानकारी नहीं भेजी है।

**घनश्याम मड़ावी एसडीओ**

## प्राकृतिक आपदा से घटित घटना पश्चात आर्थिक सहायता हुई स्वीकृत

**बालाघाट।** एसडीएम कटंगी श्री एमआर धुर्वे ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा अंतर्गत आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। 06 फरवरी 25 को कटंगी तहसील के ग्राम पथरवाड़ा निवासी अरुण साधेलाल नाई की तालाब के पानी मे डूबने से मृत्यु हो गई थी। जिसके उपरांत मृतक की माता श्रीमती विमलाबाई नाई को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। वहीं ग्राम बिसापुर के निवासी छोटेलाल पिता जोहरी चमार की प्राकृतिक के कारण मकान व दुकान क्षतिग्रस्त होने के फलस्वरुप कुल 95 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### परिणय सूत्र में बंधे 404 जोड़े, शिवराज मामा ने दिया फोन पर आशीर्वाद

# लांजी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी।





लांजी में कोटेश्वर महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 मार्च को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजनान्तर्गत नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में सामुहिक विवाह का आयोजन किया गया जिसमें लांजी एवं किरनापुर क्षेत्र के लगभग 402 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जनपद पंचायत लांजी एवं जनपद पंचायत किरनापुर तथा नगर परिषद लांजी के संयुक्त तत्वावधान में सामुहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस सामुहिक विवाह कार्यक्रम में 27 जोड़े बौद्ध पद्धति से तथा 375 जोडे हिन्दु रीति रिवाज से संपन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य सांसद भारती पारधी, विधायक राजकुमार करहि, श्रीमती लता एलकर, नगर पालिका बालाघाट अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, जनपद अध्यक्ष किरनापुर राणा कल्याण सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, उपाध्यक्ष भुवन रहांगडाले, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, श्रीमती ज्योति उमरे, देवेन्द्र खोंगल, अमृत लाल मेश्राम, भाजपा मण्डल अध्यक्ष लांजी आलोक चौरसिया, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, देवेश ऐड़े, योगेश रामटेक्कर, महेन्द्र पटले, दिनेश लाड़े, अविना रैंच, कैलाश गोस्वामी, सचिन अग्रवाल, गौरव बैस, सहित समस्त जनपद सदस्य, समस्त सरपंच गण, पार्षद गण तथा जनप्रतिनिधि सहित प्रशासनिक अमले से एसडीएम कमलचंद सिंहसार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी, जनपद पंचायत लांजी के समस्त अधिकारी कर्मचारी, समस्त पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित वर वधु पक्ष के सभी लोग की उपस्थिती में विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामुहिक विवाह के अन्तर्गत सिद्धेश्वर मंगल भवन में जनवासा निर्धारित किया गया था जहां 402 दुल्हो को तैयार कर जनप्रतिनिधियों के साथ में साफा बांध कर डीजे बैण्ड बाजे के साथ नाचते झुमते हुये सुभाष चौक, सालेटेकरी मार्ग होते हुये विवाह स्थल वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम पंहुची जहां प्रशासन के द्वारा सभी दुल्हो एवं जनप्रतिनिधियों का तिलक वंदन, पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान के द्वारा परिणय सुत्र में बंधे समस्त जोड़ो को विवाह की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई। बतादे कि सांसद भारती पारधी जी के द्वारा शिवराज सिंह चौहान को जन्म दिवस की बधाई प्रेषित करने हेतु कॉल किया था। बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने सर्वप्रथम कोटेश्वर महादेव को नमन करते हुये अपने उद्बोधन की शुरूवात करते हुये कहा कि कोटेश्वर महोत्सव के सफल आयोजन के लिये विधायक राजकुमार कर्राहे एवं समस्त टीम को शुभकामनाऐं दी। इस महोत्सव को प्रेरित करते हुये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आपके बीच में आये थे। मै धन्यवाद देना चाहती हूॅ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का जिनकी यह कल्याण कारी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जो आज लांजी मे संपन्न हुई। सौभाग्य शाली तो आज के वर वधु भी है जिन्हे उनके मामा का आशीर्वाद भी फोन पर मिला है।

## सायबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन व प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में दी गई जानकारी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 प्रवीण पन्द्रे के मार्गदर्शन, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 रक्षा के नेतृत्व एवं प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति की अध्यक्षता में 06 मार्च 2025 को महाविद्यालय के इंदिरा प्रकोष्ठ में सायबर सुरक्षा पर व्याख्यान कार्यक्रम के आयोजन के साथ-साथ आपदा प्रबंधन एवं प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के तहत पंजीकरण एवं आवेदन का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मराज बघेल उपनिरीक्षक थाना वारासिवनी, विशिष्ठ अतिथि शोभेन्द्र डहरवाल प्रधान आरक्षक, श्रीमती चांदनी शांडिल्य महिला आरक्षक, श्रीमती मेघा तिवारी महिला आरक्षक कार्यालय पुलिस अधीक्षक सायबर सेल बालाघाट उपस्थित हुए। आपदा प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत परामर्शदात्री के रूप में श्रीमती सावित्री राणा सीएमसीएलडीपी वारासिवनी से उपस्थित हुए। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत शासकीय आईटीआई बालाघाट से प्रशिक्षण अधिकारी चेतन धार्मिक उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि धर्मराज बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सतर्कता ही सायबर अपराध से बचने का एक मात्र उपाय है। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ठ अतिथि शोभेन्द्र डहरवाल ने सायबर अपराध पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डरे नहीं, बल्कि यदि किसी प्रकार केझूठे सायबर अपराध में फॅस जाते हैं, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में जा कर शिकायत करे।

सायबर सेल बालाघाट की महिला आरक्षक श्रीमती चांदनी शांडिल्य ने कहा कि मोबाईल में आने वाली किसी भी प्रकार की अज्ञात लिंक को ना खोले। इससे आप आर्थिक नुकसान से बच सकते है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती मेघा तिवारी महिला आरक्षक सायबर सेल बालाघाट द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि अनजाने कॉल एवं वीडियो कॉल को रिसीव ना करे साथ ही अगर कोई पुलिस का अधिकारी, जज, सीबीआई का अधिकारी के नाम से यदि कोई कॉल करके कोई डराता हैं, तो डरने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है। इसकी चर्चा अपने परिवार वालों से करे और नजदीकी पुलिस थाने में जाकर इसकी सूचना दे।

## खबर संक्षेप

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हाईस्कूल की संस्कृत विषय की परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार गुरूवार 06 मार्च को हाईस्कूल की संस्कृत विषय की परीक्षा 84 परीक्षा कन्द्रों में आयोजित हुई। जिसमें दर्ज 15098 परीक्षार्थियों में से 14673 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये एवं 425 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये तथा नकल प्रकरण निरंक पाया गया। जिला स्तर पर परीक्षाओं के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों का गठन किया गया है साथ ही मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर सभी गतिविधियों को मॉनिटर किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं मॉडल स्कूल लखनादौन में प्रवेश परीक्षा 9 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं मॉडल स्कूल लखनादौन प्रवेश परीक्षा दिनांक रविवार 09 मार्च 2025 को होने जा रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेब साईड **www.mpsos. nic.in** पर अपलोड कर दिये गये है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु परीक्षार्थी स्वयं या किसी भी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर पर जाकर म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेब साईड **www.mpsos.nic.in** से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय उत्कृष्ट, मॉडल एवं आदर्श संस्कृत आवासीय विद्यालय के प्रवेश पत्र जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि संचालक राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड म.प्र.भोपाल के अनुसार जिला स्तरीय उत्कृष्ट / मॉडल एवं आदर्श संस्कृत आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा रविवार 09.03.2025 को आयोजित होगी। संचालक राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड म.प्र.भोपाल द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की बेवसाईड- **www.mpsos.nic.in** पर अपलोड कर दिये गये हैं। सभी संबंधित प्राचार्य को अपने संकुल अंतर्गत आने वाले माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र अपलोड कर जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी को अवगत कराना सुनिश्चित करेगें।

### उप जेल लखनादौन में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशअध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सतीश चंद्र राय के आदेशद्यनुसार तहसील विधिक सेवा समिति लखनादौन के तत्वाधान में 05.03.25 को उप जेल लखनादौन जिला सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से दिलीप गुप्ता जिला न्यायाधीश ने निरूद बंदीयों को सजा याप्ता पश्चात अपील मजिस्ट्रेट न्यायालय में रिमांड प्रकरणों में विधिक सहायता अधिवक्ता योजना, 8 मार्च 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत, सालसा एवं नालसा की योजनाओं की जानकारी, विधिक सहायता संबंधी एवं बंधिया के अधिकार के संबंध में कानूनी जानकारी प्रदान की गई।

# कोतवाली पुलिस ने कंटेनर में भरकर कत्ल खाने ले जा रहे 42 मवेशियों को कराया गया मुक्त

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा गौवंश तस्करी व अवैध परिवहन पर न केवल संवेदनशील है अपितु गौवंश तस्करो पर लगातार सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता रहा है,**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी एवं उनकी टीम के द्वारा दिनांक 04/03/2025 को सूचना प्राप्त हुई थी कि दस चक्का कंटेनर क्रमांक आर जे ०६जीए ९१७५ में कत्ल खाने ले जा रहे 42 नग मवेशियों को मुक्त कराया गया है। दिनांक 04/03/2025 को रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गौवंश तस्करो द्वारा मवेशियो को कंटेनर ट्रक में लोड कर कत्ल खाना नागपुर ले जाने हेतु लखनादौन तरफ से सिवनी निकलते नागपुर ले जाया जा रहा है जो सूचना पर तत्काल हमराह स्टाफ के रेड कार्यवाही छिन्दवाडा ब्रिज के उपर घेराबंदी की गई जो दस चक्का कंटेनर क्रमांक आर जे ०६जीए ९१७५ पुलिस को देखकर वाहन को खतरनाक तरीके से पीछे की ओर दूसरे ट्रेक के रास्ते में रिवर्स कर भागने की कोशिश किया जिसमें थाना स्टाफ की प्रायवेट कार क्षतिग्रस्त हो गई उक्त कंटेनर वाहन को थाना मोबाईल वाहन एवं अन्य वाहनो की मदद से बमुश्किल रोका गया जो अंधेरे का फायदा उठाकर कंटेनर चालक व अन्य व्यक्ति ट्रक वाहन से उतरकर भाग गये। ट्रक में से 42 नग मवेशी को मुक्त कराया गया जिन्हें सुरक्षित गौशाला में चारा पानी एवं उचित देख रेख हेतु रखवाया गया।

# वन्य जीव प्रबंधन के लिए राज्य स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला 7 एवं 8 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में वन्यजीव प्रबंधन के लिए भविष्य की रणनीति तैयार करने हेतु राज्य स्तरीय 02 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत खवासा में दिनांक 07 एवं 08 मार्च 2025 को किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक सहित समस्त प्रधान एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक, वन्यजीव बाहुल्य वन वृतों के मुख्य वन संरक्षक, वनमण्डल अधिकारी, मध्यप्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्य जैसे महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि के मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, वैज्ञानिक, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारी, एन.टी.सी.ए. के पदाधिकारी, एन.जी.ओ. के पदाधिकारी, टाइगर रिजर्व के फील्ड वॉयोलॉजिस्ट सहित 80 से अधिक अधिकारियों के उपस्थित रहकर भविष्य में मध्यप्रदेश में वन्यजीव प्रबंधन हेतु गहन विचार विमर्श कर रणनीति तैयार की जावेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वर्तमान परिदृश्य में वन्यजीव प्रबंधन के विभिन्न आयाम जैसे मानव-वन्यजीव द्वन्द की परिस्थितियां, समुदायों को साथ में लेकर वन्यजीव प्रबंधन, भौगोलिक परिदृश्य के आधार पर पर्यावास प्रबंधन, कॉरीडोर की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य के लिए प्रबंधन योजना आदि जैसे विषयों पर विषय विशेषज्ञ 02 दिवसीय कार्यशाला के दौरान चर्चा कर रणनीति तैयार करेंगे। पेंच टाइगर रिजर्व अंतर्गत इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन होना एवं राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों का पेंच टाइगर रिजर्व आकर कार्यशाला में भाग लेना अत्यंत गौरवमयी क्षण होगा। आयोजित कार्यशाला के दौरान तैयार की गई रणनीति से भविष्य में वन्यजीव प्रबंधन को नई दिशा प्राप्त होगी एवं मध्यप्रदेश वन्यजीव प्रबंधन में और अधिक उत्कृष्ट रूप से कार्य कर सकेगा।

# मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के संबंध में प्री-सिटिंग बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चन्द्र राय के निर्देशानुसार दिनांक 08 मार्च 2025 के सफल आयोजन हेतु गुरूवार 06 मार्च को जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉफ्रेंसिंग हाल में दोपहर 02 बजे से जिला न्यायालय सिवनी के न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण एवं बीमा कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि नायक द्वारा द्वारा आगामी 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने हेतु उपस्थित बीमा कंपनी व पक्षकारों के अधिवक्तागण के साथ ही बीमा कंपनी के अधिकारीगणों के साथ चर्चा की गई। उक्त बैठक में अधिवक्तागणों द्वारा अधिक से अधिक प्रकरणों के सहमतिपूर्ण निराकरण हेतु आश्वासन प्रदान किया। बैठक में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी लक्ष्मण कुमार वर्मा, चतुर्थ अपर जिला एवं न्यायाधीश जयदीप सोनबर्से, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी बलवीर सिंह धाकड़ जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण अभिषेक सनोड़िया, श्री नवल सोनी, ठाकुर मंगल सिंह, श्री तोमर सिंह बघेल, एस.एस. राजपूत, श्री तोमर सिंह बघेल, श्रीमती कुसुम गौतम एवं श्री महेन्द्र सिगोतिया, श्री अमित जैसवाल, श्री वीरेन्द्र सोनकेशरिया, श्री सजल डे आदि उपस्थित रहे।

# होली त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया

**बरघाट।** बरघाट थाना प्रागंण में होली के पावन पर्व शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे, बरघाट तहसीलदार डा. संजय बरैया, बरघाट थाना प्रभारी बरघाट मोहनीश बैस, बरघाट नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू मौजूद रहीं, बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीओपी ललित गठरे ने शांति से त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि होली दहन के लिए हरे पेड़-पौधे को न काटें, सड़को के बीचों-बीच होलिका दहन न करें, रंग गुलाल के प्रयोग में ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग न करें, उन्होंने कहा कि कही भी कोई धार्मिक स्थलों पर रंग न डाले आपसी सहयोग से होली के त्यौहार को मनाए एवं वाहन धीमी गति से चलाएं। नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की है। तसीलदार डा .संजय बरैया ने होली और रमजान पर्व को शांति से मनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि होली दहन स्थानों पर किसी प्रकार की अशांति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। साथ ही भांग या शराब पीकर कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर सतत निगरानी रखी जाकर उन पर आवश्यक कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने होली पर्व पर नुकसान पहुंचाने वाले रंगों, कीचड़ आदि का प्रयोग नहीं करने को कहा। बैठक में थाना प्रभारी मोहनीश बैस ने कहा कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षा संचालित हो रही है, अतः ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न करें, जिससे बच्चों का प्रभावित हो। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष इमरता साहू ने सद्भावना पूर्वक होली का त्यौहार मनाने की अपील की व नगर परिषद द्वारा त्योहार को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कराने के नगर परिषद को निर्देश दिए गए। बैठक मे प्रमुख रूप से नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल, अनिल पाठक, राकेश जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष व पार्षद हेमंत राहंगडाले, असंतु उइके, जामा मस्जिद के सदर यासीन खान, पूर्व सदर जाहिद खान, सुजीत सूर्यवंशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## बंडोल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**सिवनी/-** सिवनी जिले के बंडोल थाना परिसर में आगामी त्यौहार होली, रमजान पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया थाना प्रभारी अर्पित भैरम की उपस्थिति में यह बैठक क्षेत्रीय जनों से परिचय व संवाद से किया गया थाना प्रभारी द्वारा चैन अमन के साथ आगामी तीज त्यौहार शांति से मनाने और क्षेत्रीय जनों से सहयोग करने के लिए कहा गया उक्त बैठक में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक महेश अग्रवाल, श्रीनिवास मूर्ति,अजय साहू, अमित चौरसिया, राकेश बैस, विशाल साहू,साबिर अंसारी, इरफान खान ,फारूक अंसारी , पुरुषोत्तम बघेल, रमजान खान, जयदीप ठाकुर, अमित बघेल, दादूराम सनाडय , कृपाल बघेल, प्रीछान्त ठाकुर सतू यादव सहित पत्रकार हरि जायसवाल क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों व पुलिस स्टॉफ उपस्थित रहे।

# विधायक रजनीश सिंह मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में हुये सम्मिलित

**सिवनी।** गुरुवार को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने धनौरा विकासखंड में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम के आयोजन में सम्मिलित होकर सहभागिता किया। कार्यक्रम के आयोजन में सर्वप्रथम आयोजक गणों के द्वारा विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह का पुष्प माला एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। तदोपरांत मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने उपस्थित जन समुदाय एवं नवयुगल वैवाहिक जोड़ों को संबोधित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित किया। कार्यक्रम के आयोजन में धनौरा ब्लॉक अध्यक्ष विकास बघेल , जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश जैन , जिला कांग्रेस महामंत्री गण हर्षवर्धन सिंह , डबलू खान , लखन सिंह बेलिया जी, रामकुमार नायक समेत समस्त जनप्रतिनिधि गण, समस्त पदाधिकारी गण एवं समस्त क्षेत्रीय जनों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# पीएम आवास निर्माण को लेकर जल संसाधन विभाग की सख्त आपत्ति

छपारा. हर गरीब को पक्का मकान देने के उद्देश्य से पीएम आवास योजना चल रही है। हालांकि इस योजना के तहत आवास निर्माण को लेकर दो सरकारी विभाग आमने-सामने आ गए हैं। सिवनी जिले के छपारा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली गंगई रैयत ग्राम पंचायत में ऐसा ही मामला सामने आया है।

दरअसल ग्राम पंचायत गंगई रैयत संजय सरोवर बांध के निचले इलाके में बसा है। जहां अधिकांश भूमि जल संसाधन विभाग की है। ज्यादातर लोग बांध निर्माण से विस्थावित निवासरत हैं। यहां जल संसाधन विभाग की जमीन पर पीएम आवास का निर्माण किया गया है। इसे लेकर अपर वैनगंगा बांध उपसंभाग क्रमांक-3, भीमगढ़ के एसडीओ उदयभान मर्सकोले ने छपारा जनपद पंचायत के सीईओ को पत्र लिखकर कड़ी आपत्ति जताई है।

जिसमें कहा गया है कि विभाग के स्वामित्व की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर रोक के लिए कई बार मौखिक, दूरभाष पर चर्चा एवं पत्राचार किया गया है। इसके बावजूद भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेशों की अवहेलना अधिनस्थ ग्राम-पंचायत के सरपंच, पंच, सचिव कर रहे हैं। जियोटेक एवं हितग्राही की किस्त जारी कर पीएम आवास निर्माण कर अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जबकि न्यायालय तहसीलदार ने आवास निर्माण पर कार्य स्थगन आदेश जारी किया है। इसके बाद भी कार्य जारी है। नियमों का हवाला देते हुए उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री अवास निर्माण स्वयं की जमीन पर या आबादी की भूमि पर बनाने का प्रावधान है। पत्र में अनुविभागीय अधिकारी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से यह सवाल किया है कि किन नियमों के तहत जल संसाधन की जमीन पर पीएम आवास योजना के तहत निर्माण की किस्तें जारी की जा रही है।



गिराएंगे मकान, फिर हुआ निर्माण तो कराएंगे एफआईआर

पत्र में अनुविभागीय अधिकारी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कहा है कि पीएम आवास हटाने की कार्यवाही पर होने वाले व्यय की संपूर्ण जिम्मेदारी आपके विभाग की होगी। भविष्य में जल संसाधन विभाग की जमीन पर पीएम आवास का निर्माण होता है तो पंचायत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। पत्र से यह स्पष्ट होता है कि अब तक जल संसाधन विभाग की जमीन पर पीएम आवास योजना के तहत जो मकान बनाए गए हैं उनको तोडने की कार्यवाही जल्द ही विभाग कराने की तैयारी में है।

## उठता है बड़ा सवाल

एक तरफ एसडीओ वर्ष 2024 से अब तक गंगई रैयत में जल संसाधन की भूमि में बने आवास को लेकर आपत्ति जता रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ जल संसाधन की भूमि पर ही वर्ष 2016-17 और 2021 में ग्राम पंचायत के द्वारा 113 पीएम आवास योजना के तहत यहां मकान बनाए गए हैं। इसे लेकर विभाग ने कोई रोक नहीं लगाई। वर्ष 2024-25 में 14 और फिर 28 पीएम आवास योजना की स्वीकृति यहां ग्राम पंचायत ने दी है। 14 हितग्राहियों की पहली किस्त भी ग्राम पंचायत ने जारी कर दी है। 11 हितग्राहियों को दूसरी किश्त जारी की गई है। तीसरी किस्त 6 लोगों को जारी हो चुकी है। जबकि यहां 88 पीएम आवास और बनाए जाने हैं। जिसको लेकर लक्ष्य आया है, लेकिन इस लक्ष्य को अब पूरा करने में जल संसाधन विभाग अड़ंगा लगा रहा है। लोग विभाग के इस दोहरे मापदंड को लेकर आपत्ति जता रहे हैं।

## अवैध कब्जा को लेकर कोई कार्यवाही नहीं

जल संसाधन विभाग की भूमि पर भीमगढ़ के गंगई रैयत की कॉलोनी में कई लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। इसके बावजूद भी अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। जबकि बांध से विस्थापित लोगों को पीएम आवास योजना से वंचित किया जा रहा है।

## नहीं मिल रही दूसरी किश्त

पीएम आवास का पहली किस्त मिलने के बाद गंगई रैयत ग्राम पंचायत के हनुमान गिरी बुजुर्ग दंपत्ति अपना कच्चा मकान तोडकर पक्का मकान बना रहे थे। दूसरी किस्त जारी नहीं की जा रही है। जिसके चलते वे परेशान हैं। जनसुनवाई में भी गुहार लगाई है।

# वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई का होली मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



वैश्य महिला इकाई की ओर से होली मिलन का कार्यक्रम श्रीमती सोनिया आशीष सोनी के निज निवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान श्री कृष्णा एवं राधा रानी की की पूजा अर्चना कर भगवान कृष्ण और राधा रानी का फूलों से श्रृंगार कर गुलाल लगाया गया एवं फूलों की होली खेली गई कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए फाग गीत एवं भगवान श्री कृष्ण के भजनों के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए मनोरंजन गेम खेले गए। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए वैश्य महिला इकाई सिवनी की सभी बहनों ने शराब बंदी हस्ताक्षर अभियान में समर्थन दिया एवं 500 हस्ताक्षर करवाने का सभी बहनों ने मिलकर संकल्प लिया ।

कार्यक्रम के अंत में वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई की जिला प्रभारी श्रीमती इंदिरा प्रकाश सराफ जी एवं अध्यक्ष श्रीमती ऋ तु दहिकर ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया एवं स्वल्पाहार के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जर्मनी में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करने रवाना हुए एडवोकेट नवेन्दु मिश्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में पूरी दुनिया में स्थानीय शासन (लोकल गवर्नेंस) को लेकर गंभीर विमर्श हो रहा है। भारत सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स जैसे अभियानों के माध्यम से इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसी संदर्भ में, जर्मनी में 9 से 21 मार्च के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेस आयोजित हो रही है, जिसका उद्देश्य नगरीय और क्षेत्रीय प्रशासन की प्रभावी नीतियों को विकसित करना है। हर्ष की बात है कि सिवनी से एडवोकेट नवेन्दु मिश्रा इस कॉन्फ्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। नवेन्दु मिश्रा नागरिक अधिकारों के प्रति सक्रियता और अपनी प्रभावी लीगल एडवोकेसी के लिए जाने जाते हैं। वे सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से बेहतर गवर्नेंस और नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयासरत हैं। इसके अलावा, उन्होंने संविधान शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है और राज्य पुलिस अकादमी में पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। अपने इस दौरे के दौरान, नवेन्दु मिश्रा अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत में क्षेत्रीय गवर्नेंस और नागरिक भागीदारी की भूमिका पर प्रस्तुति देंगे। साथ ही, वे भारत में हो रहे सकारात्मक प्रयोगों पर भी चर्चा करेंगे। 12 दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान वे जर्मनी के विभिन्न शहरों के मेयर, राजनेताओं और वैज्ञानिकों से मुलाकात कर वहां के सफल प्रशासनिक मॉडलों का अध्ययन भी करेंगे।



# पानी की सप्लाई को लेकर केवलारीवासियों ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज केवलारी।

पीने के पानी की पाइप लाईन को गंदी नाली में डालकर उसमें से पानी की सप्लाई करने लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उक्त पाइप लाइन को हटाने व नियमित रूप से पानी देने की मांग को लेकर गुरुवार को केवलारीवासियों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। केवलारीवासियों ने बताया कि वार्ड नं. 10 इंदिरा वार्ड (बजरंग कालोनी) केवलारी में पिछले 4 माह से पानी की समस्या चल रही है। पीने की पानी की पाइप लाईन गंदे पानी निकासी नाली के अंदर डाली गई है जिससे दूषित पानी पाइप में प्रवेश करेगा जो कि घरेलू उपयोग के लिये हानिकारक होगा। उक्त पाइप लाईन को नाली से हटाकर अन्यत्र स्थान पर पाइप लाईन डाली जाये एवं जल्द से जल्द घरों में नल कनेक्शन शुरु करवा दिया जाये। ताकि घरों में पहुँचने वाला पानी शुद्ध हो और घरेलू उपयोग के काम आ सके।

# लखनादौन सीएमओ बोली: जनप्रतिनिधियों की आपसी गुटबाजी के चलते मेरे खिलाफ निराधार खबरों का किया जा रहा है प्रकाशन

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन। जिला सिवनी के अंतर्गत आने वाले तहसील लखनादौन की मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि आज मैं, गीता वाल्मीकि, लखनादौन नगर परिषद की एक जिम्मेदार अधिकारी, हूं मे आज एक* *महत्वपूर्ण विषय पर आप सभी के समक्ष उपस्थित हुई हूँ। यह विषय न केवल मेरी व्यक्तिगत छवि से जुड़ा है, बल्कि हमारे नगर के भविष्य और यहाँ के नागरिकों के अधिकारों से भी संबंधित है।**




पिछले कुछ समय से, जनप्रतिनिधियों के आपसी राजनीतिक मतभेद के चलते कुछ पार्षद पतियों और पार्षदों द्वारा मुझ पर निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। वे मेरे कार्यों को बाधित करने और मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहती हूँ कि ये सभी आरोप बेबुनियाद हैं। एक महिला और एक जिम्मेदार अधिकारी के रूप में, मैंने हमेशा जनता और सरकार के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाया है। और आगे भी निभाते रहूंगी। लखनादौन एक छोटा सा निकाय है, और हमारे पास सीमित संसाधन हैं। मैं सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही हूँ। लेकिन कुछ लोग अपने निहित स्वार्थों के लिए मुझे गलत काम करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। जब मैं उनके दबाव में नहीं आती हूँ, तो वे मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाते हैं और मुझे मानसिक रूप प्रताडित करते हैं। कुछ पार्षद और पार्षद पति द्वारा कुर्सी, कूलर और पंखे के बिलों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं। मैं स्पष्ट करती हूँ कि उस समय के प्रभारी सीएमओ गजेंद्र पांडे के द्वारा खरीदी की प्रक्रिया की गई थी आरोप मिथ्या हैं और मेरे द्वारा नहीं किए गए हैं। मैं ऐसे दबाव या कोई गलत काम नहीं करूंगी। मैं यह भी स्पष्ट करना चाहती हूँ कि कुछ पार्षद पति शहर में प्रॉपर्टी का कार्य करते हैं । वे अवैध रूप से जमीन बेच रहे हैं और नगर परिषद को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

सूत्र अनुसार जब उनके द्वारा एनओसी मांगी जाती है, तो मेरे द्वारा शासन की गाइडलाइन को पालन करने की बात पर वे मुझ पर झूठे आरोप लगाते हैं। मैं जनता से अपील करती हूँ कि वे इन निराधार आरोपों पर ध्यान न दें और मुझ पर विश्वास रखें। मैं हमेशा जनता सेवा के लिए तत्पर रहूँगी। मैं निष्पक्ष जांच की मांग करती हूँ और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सभी कानूनी विकल्प पर विचार कर रही हूँ। मैं समाचार पत्रों का सम्मान करती हूँ। वे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। मुझ पर लगाए गए आरोप और अभद्र भाषा का उपयोग मुझे एक महिला के रूप में बहुत दुखी करता है। मैं इन आरोपों से बहुत आहत हूँ। मैं जानती हूँ कि आप, पत्रकार बंधु, सत्य के प्रति समर्पित हैं। मैं आपसे अनुरोध करती हूँ कि आप मेरी बात को जनता तक सही रूप में पहुँचाएँ। मैं एक महिला हूँ, और मैं अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभा रही हूँ।

### जनपद सदस्यों ने सीईओ पर लगाए मनमानी के आरोप; कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## लालबर्रा में सामूहिक विवाह रद्द करने पर विवाद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में लालबर्रा जनपद पंचायत के सीईओ चंदर सिंह मंडलोई ने 6 मार्च को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान योजना के सामूहिक विवाह को बिना जनपद सदस्यों को सूचित किए स्थगित कर दिया।

नाराज जनपद सदस्यों ने कलेक्टर मृणाल मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। जनपद उपाध्यक्ष किशोर पॉलीवाल ने कहा कि जब ऑनलाइन निविदा मंगानी थी, तो 17 फरवरी को अखबारों में विज्ञापन क्यों दिया गया।

सभापति धनेन्द्र नगपुरे ने सवाल उठाया कि लांजी जनपद में ऑफलाइन टेंडर से सामूहिक विवाह कराया गया, लेकिन लालबर्रा में ई-टेंडर की वजह से विवाह रोक दिया गया। इस निर्णय से 430 जोड़े प्रभावित हुए हैं।

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह में होने वाले खर्च को कम करना है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों की लालफीताशाही से न केवल सरकारी योजना बदनाम हो रही है, बल्कि गरीब परिवारों को



भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कांग्रेस विधानसभा में तिथि हो रही संशोधित

जिले में भाजपा विधायकों के विधानसभा में सामूहिक विवाह आयोजित हो गए है। कटंगी में 23 फरवरी की तिथि को परिवर्तन कर 21 फरवरी को कर दिया गया। जबकि गत 5 मार्च को लांजी में सामूहिक विवाह करा दिया गया।

कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र बालाघाट और परसवाड़ा में सामूहिक विवाह तिथि को स्थगित कर दिया गया है। दोनों ही जगह अभी तिथि घोषित नहीं की गई है। जबकि विवाह तिथि, तय होने के बाद विवाह कराने वाले परिवारों ने आमंत्रण के साथ अपनी पूरी तैयारी कर ली थी।

## सीपी सीबी के नियमों का पालन करें क्रेशर संचालक -एसडीएम

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने कहा कि प्रदूषण के मद्देनजर आगामी आदेशों तक प्रदूषण नियंत्रण द्वारा बनाए गए नियमों का पालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए क्रशर इकाइयां, मिक्स हॉट प्लांट दो शिफ्ट में चलाए जाएं।एसडीएम ने क्रशर मालिकों से शिफ्ट सिस्टम लागू करने के लिए इकाइयों की सूची मांगी । एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने जनपद पंचायत किरनापुर के सभा स्थित हॉल में क्रेशर इकाई संचालकों की बैठक की। इस दौरान उन्होंने बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा प्रदूषण की स्थिति के मद्देनजर,हालांकि उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए एहतियात बरतने की आवश्यकता है। एसडीएम ने क्रेशर इकाइयों, मिक्स हॉट प्लांट संचालकों को आगामी आदेशों तक शिफ्ट में चलाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने क्रशर मालिकों से सूची तैयार करने को कहा। साथ ही उन्होंने पानी के छिड़काव के साथ-साथ अन्य मानदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा जारी मानदंडों को अतिशीघ्र पूरा करें, अन्यथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम ने क्रेशर मालिकों की समस्याएं भी सुनीं और निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों से बात करने कहा। इस बैठक में उपस्थित राजा राम स्टोन क्रेशर दहेदी, रेयसिंग एंड कंपनी, तिरुपति मिनरल्स, तिरुमल मिनरल्स ,सेम स्टोन क्रेशर अकोला, उमेंद्र रंहागडाले अकोला, भिवराम नखाते अकोला, चित्रसेन गौतम, आदिल खान स्टोन क्रेशर अकोला, लक्ष्मण कुर्राहेअकोला ,लोकेश अजीत स्टोन क्रेशर अकोला, बबलू पटले स्टोन क्रेशर अकोला, आदि उपस्थित रहे।

## सी सी सड़क निर्माण में की जा रही अनियमितता



### ग्रामीणों ने सीईओ व कलेक्टर को शिकायत कर जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत खैरलांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत खुर्सीपार में प्रधानमंत्री सडक़ योजना के तहत बस्ती से सीमेंट रोड का निर्माण किया जा रहा हैं, जिसमें भारी अनियमितता की शिकायत करते हुए ग्रामीणजनों ने बताया कि मार्ग पर पूरी पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और ना ही मार्ग के निर्माण में बखूबी कार्य किया जा रहा हैं। जिससे आमजनों का आक्रोश बढ़ते जा रहा हैं। ठेकेदार को मार्ग निर्माण में अच्छी गुणवत्ता लाने के विषय में कहा जा रहा हैं, लेकिन वह हर बात को अनसुना कर दुव्यवहार पर उतर आ रहा हैं।

सी सी सडक़ निर्माण में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही अनियमितता को लेकर जनपद पंचायत खैरलांजी सीईओ और जिला कलेक्टर बालाघाट को रतनलाल लिल्हारे, भूरेलाल, दुर्गा प्रसाद, मधुकर बारमाटे, योगेश सुलाकिया, दुर्गा दहार, शैलेश बहेकर, शुभम, धनपाल सुलाकिया आदि लोगों ने अनियमितता की शीघ्र जांच कर दोषियों को दंडित कर अच्छी गुणवत्ता वाला मार्ग निर्माण करवाने की मांग की गई है।

### जिला अस्पताल के डॉक्टर्स के दल ने किया ऑपरेशन, माँ और बच्चा दोनों स्वस्थ

## आग से 45 प्रतिशत झुलसी गर्भवती महिला का डॉक्टरों ने जटिल प्रसव कराने में पायी सफलता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों के दल ने एक जटिल प्रसव कराने में महत्वपूर्ण उपलब्धि पायी है। जिला अस्पताल से प्राप्त जानकारी अनुसार बैहर की 45 प्रतिशत झुलसी महिला का 27 फरवरी को सफलतापूर्वक प्रसव कराया गया है। चिकित्सकीय दल में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.अर्चना लिल्हारे के नेतृत्व में ऑपरेशन के जरिए सुरक्षित प्रसव कर महिला एवं बच्चे को सुरक्षा प्रदान की। अब माँ और नव जन्मे बालक दोनों स्वस्थ है। प्रसूता फिल्हाल अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज पाण्डेय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.परेश उपलप,सिविल सर्जन डॉ.नीलय जैन ने चिकित्सकीय दल को इस उपलब्धि पर सराहना करते हुए बधाई दी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज पाण्डेय ने बताया कि ग्राम मोवाला विकासखण्ड बैहर की गर्भवती महिला को 15 फरवरी को 45 प्रतिशत आग से झुलसी अवस्था में चिकित्सालय में भर्ती किया गया था। महिला एनीमिक थी। प्रसव पीड़ा होने पर प्रसव के लिए सर्जरी विभाग में उचित प्रबंधन किया गया। प्रसूता ने 27 फरवरी को 2.9 किलो ग्राम वजन के स्वस्थ बच्चे का जन्म दिया है। 45 प्रतिशत झुलसी महिला का सफल प्रसव चुनौती भरा काम था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन के मागदर्शन में मेडिसीन विभाग, सर्जरी विभाग गायनी विभाग तथा नर्सिंग विभाग ने संयुक्त कार्ययोजना बनाकर कार्य किया। प्रसव में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.अर्चना लिल्हारे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष बांगरे, मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. अंकित राना, एनेस्थिसिया विशेषज्ञ डॉ.डी.डोंगरे तथा नर्सिंग स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सेराजेम सेंटर द्वारा उप जेल वारासिवनी में लगाया गया शिविर कैदियों को दी गई थैरेपी



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

उपजेल वारासिवनी में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सेराजेम सेंटर द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जेलर अभय वर्मा के सहयोग से उपजेल वारासिवनी के लगभग सभी कैदियों का मेट एवं अ 4 मशीन के माध्यम से थेरेपी देकर उपचार किया गया।

इस थेरेपी के बारे में जानकारी देते हुए सेराजेम सेंटर की प्रमुख कार्यकर्ता रिशु डहरवाल ने बताया कि उप जेल में सभी कैदियों को स्पाईन से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया और उनका थेरेपी के माध्यम से उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि जब कभी भी उपजेल में किसी भी कैदी को कोई समस्या आयेगी, तो सेराजेम सेंटर व उसके सभी सदस्य उनकी सेवा में तत्पर रहेगे। उन्होंने कहा कि सेराजेम सेंटर स्पाइन मैनेजमेंट का काम करता हैं। उपजेल में आयोजित इस शिविर में रीता टांडेकर, शिखा गेडाम, साक्षी गोटेकर, डानेंद्र कलाईत, अमित फूलमारी द्वारा सेराजेम सेंटर की भरपूर मदद की गई।

## लोधी समाज मंत्री प्रहलाद पटेल के साथः रानी अवंतीबाई विवाद में जीतू पटवारी पर एफआईआर की मांग; कांग्रेस का आंदोलन फेल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में लोधी समाज ने गुरुवार को मंत्री प्रहलाद पटेल का समर्थन करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लोधी महासभा ने राज्यपाल के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक लिल्हारे का आरोप है कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने रानी अवंतीबाई की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया। इससे पूरा समाज आक्रोशित है। भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा कि मंत्री पटेल ने समाज को प्रगतिशील बनाने की बात रखी है। यशवंत लिल्हारे ने कांग्रेस पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया।

दूसरी ओर, कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी ने 6 मार्च को मंत्री पटेल के कथित भीख वाले बयान के विरोध में सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रदर्शन का ऐलान किया था। लेकिन जिले के किसी भी ब्लॉक में आंदोलन नहीं हो सका। यहां तक कि कांग्रेस विधायक के विधानसभा क्षेत्र में भी कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ।

## सामाजिक कायकर्ता को कोबरा बटालियन 208 बडगांव भारतीय सुरक्षा के तहत कराया गया विजिट



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् बालाघाट विकासखंड किरनापुर में दिनांक3/03/2025 को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कायक्रम के अंतर्गत समाजकार्य स्नातक एवम् परास्नातकोत्तर कर रहे सामाजिक कायकर्ता अध्ययन केन्द्र स्वगीय दीलिप भटेरे महाविद्यालय किरनापुर का कोबरा बटालियन 208 बड़गांव (किरनापुर) का विजिट कराया जिसमें भारतीय सुरक्षा को लेकर केन्द्रीय पुलिस सुरक्षा बल सी आर पी एफ ,एवम् बटालियन की जानकारी कमांडर प्रवीण कुमार ,कमांडर अजय भारद्वाज एवम मेंटर्स कोकिला सोनी मागद□शन एवम् नेतृत्व में उनकी टेंनिग से लेकर सामाजिक काय□ उनकी सुरक्षा को लेकर जानकारी दी गई भारत में व्याप्त उग्रवादियों, नक्सलियों, मागोंवादियो से देश एवम समाज को सुरक्षित को लेकर जानकारी दी गई इसी प्रकार असम राइफल,AK47 हथियार ,स्वीमिगं कूल ,रनिंग ग्राउड जानकारी दी गई। शांपिग माल, कैन्टीन सुविधाएं है, सामान्य ग्रामीण भी यहा से ले सकते ।

## खदान में मजदूर की मौत का मामला

### प्रत्यक्षदर्शी बोला- पत्थर गिरने से जान गई, प्रबंधन ने महुआ पेड़ की कहानी बताने कहा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में मैगनीज खदान में एक मजदूर की मौत का सच सामने आया है। डीपीराय और अभिषेक राय की निजी खदान में काम करने वाले मजदूर आयुष लिल्हारे की मौत के मामले में नया मोड़ आया है।

प्रत्यक्षदर्शी कमलेश उपवंशी ने गुरुवार को एसपी को शपथ पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि 11 फरवरी को रात 3 बजे खदान में काम के दौरान आयुष पर बड़ी चट्टान गिर गई थी। मजदूरों ने उसे चट्टान के नीचे से निकाला। कंपनी के वाहन से पहले तुमसर के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से भंडारा रेफर किया गया, जहां आयुष की मौत हो गई।

**खदान प्रबंधन के दबाव में पिता ने दिया झूठा बयानः** कमलेश ने बताया कि शव को तिरोड़ी थाना ले जाते समय खदान प्रबंधन के राहुलसिंह ने उन्हें जोड़ सड़क पर रोका। राहुल सिंह ने मृतक के पिता किशोर लिल्हारे को महुआ के पेड़ से गिरने की झूठी रिपोर्ट लिखवाने का दबाव डाला। पिता ने खदान मालिक के दबाव में पुलिस को यही बयान दिया।

**काम करने वालों को नहीं दिए जाते सुरक्षा उपकरणः** प्रत्यक्षदर्शी ने यह भी बताया कि खदान में मजदूरों को कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाते। राष्ट्रीय एससी, एसटी, ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधि महेश सहारे ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने मौत की झूठी वजह बताने वाले खदान प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग भी की है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की तैयारी पर किया गया सम्मान, प्राचार्य के.के. पारधी बने विजनरी लीडर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शिक्षक अपने संबंधित विषय में विद्यार्थियों के श्रेष्ठ परिणाम के लिए सत्र भर विषयगत कठिनाईयों / अवधारणाओं को समझाकर विभिन्न प्रकार से तैयारी कराते हैं । अक्सर प्रश्न-पत्र में पूछे गये सभी प्रश्नों को हल करने के बाद भी वह शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त नहीं कर पाता हैं । प्रायः देखा जाता हैं कि वह विकल्प वाले प्रश्न को हल करने में गलत करता हैं। प्रत्येक विषय के प्रश्न-पत्र में लगभग 40 प्रतिशत भाग ( 32 अंक ) विकल्प वाले प्रश्नों का समावेश होता हैं । यदि छात्र इन प्रश्नों को सही-सही हल करें तो संबंधित विषय में शतप्रतिशत अंक प्राप्त कर सकता हैं । इसी क्रम में विद्यार्थी के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के उद्देश्य से शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के विषयवार तैयारीयों का आकलन करने के लिए 05 प्रश्न प्रश्नावली श्रृंखला प्रारंभ की गई थी । साइंस सर्किल म.प्र. के सचिव डॉ.युवराज राहंगडाले - प्राचार्य सी.एम.राइज़



शास. वीरांगना रानी दुर्गावती उच्च. माध्य. विद्यालय बालाघाट के निर्देशानुसार 15 अक्टूबर 2024 से कक्षा नवमी से बारहवीं तक के सभी विषय / संकाय पर आधारित 05 प्रश्न प्रश्नावली श्रृंखला प्रारंभ की गई । 90 दिनों तक चले प्रश्नावली श्रृंखला में बहुविकल्पीय , रिक्त स्थान, सही-गलत , एक शब्द में उत्तर वाले कुल 2700 प्रश्नों को विषय शिक्षक के निर्देशन में विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा की तैयारी हेतु प्रारंभ किया गया था । इस प्रश्नावली श्रृंखला में प्रत्येक शिक्षक स्वयं एवं छात्रों के सहयोग से प्रतिदिन 05-05 प्रश्न व उत्तर परीक्षा की तैयारी हेतु उपलब्ध कराते थे तथा उनकी अभ्यास पुस्तिका की जांचकर मौखिक-लिखित मूल्यांकन किया जाता था । साइंस सर्किल म.प्र. के पदाधिकारियों द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों के इस कार्य में प्रोत्साहन हेतु अलग-अलग पुरस्कारों की घोषणा की गई थी ।

सांइस सर्किल म.प्र. द्वारा इन्हें किया गया सम्मानित जिन संस्था के शिक्षकों ने अपना श्रेष्ट योगदान दिया उन्हें सांइस सर्किल द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में दिनांक 02 मार्च 2025 को सी.एम.राइज़ विद्यालय बालाघाट में सम्मानित किया गया , जिसमें साइंस सर्किल डेडिकेटेड एडुकेटर अवार्ड-श्री जयप्रकाश यादव उ.मा.शि. शास.मॉडल उच्च. माध्य. वि. बिरसा, साइंस सर्किल विजनरी लीडर अवार्ड - श्री के.के. पारधी प्राचार्य शास.उच्च. माध्य.वि. पल्हेरा साइंस सर्किल हेड मास्टर लिजेंसी अवार्ड-देवेंद्र निकोसे प्रधान पाठक शास. महात्मा गांधी माध्यमिक शाला बालाघाट , साइंस सर्किल कमिटमेंट टु एजुकेशन अवार्ड-श्रीमती सरला भीमटे- शिक्षक, शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक सी.एम.राइज़ विद्या. बालाघाट को दिया गया । सभी शिक्षकों को साइंस सर्किल के द्वारा प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह जिला कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा (आईएएस) , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक शराफ (आईएएस) तथा गौरीशंकर बिसेन पूर्वमंत्री म.प्र.शासन , रामकिशोर कावरे - पूर्व मंत्री म.प्र.शासन,साइंस सर्किल म.प्र.के सचिव डॉ.युवराज राहंगडाले प्राचार्य सी.एम. राइज़ वि.बालाघाट, उपाध्यक्ष आर.एस.बैस व अन्य अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया ।

### मॉयल के कार्यो में राजभाषा को प्राथमिकता-सिंह

## भरवेली में अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी सफलतापूर्वक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर मॉयल लिमिटेड भरवेली के विश्रामगृह में 6 मार्च को भारत सरकार इस्पात मंत्रालय के तत्वाधान में अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें इस्पात मंत्रालय के अधीन सरकारी उपक्रम सेल, एनएमडीसी, केवायओसीएल, एमएसटीसी, के साथ नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बालाघाट के साथ मॉयल के महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश में स्थित सभी खानों के अधिकारी वर्ग ने इसमें भाग लिया। इस संगोष्ठी को नई दिल्ली से श्रीमती सुदर्शन मैंदीरत्ता, संयुक्त सचिव एवं प्रभारी राजभाषा इस्पात मंत्रालय एवं नागपुर मॉयल ऑफिस से निदेशक मानव संसाधन श्रीमती उषा सिंह ने सम्बोधित किया। इस वर्ष राजभाषा विभाग द्वारा कुल 48 गतिविधियों का आयोजन किया गया है।



इस कार्यक्रम में आनंद भोई संयुक्त निदेशक राजभाषा, चंद्रेश कुमार मीणा सहायक निदेशक राजभाषा इस्पात मंत्रालय के साथ अनिल त्रिपाठी उपनिदेशक राजभाषा आयकर विभाग नागपुर, भावस्कर दत्ता, केन्द्रिय रेशम बोर्ड बालाघाट, अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह खान प्रबंधक मंयक जैन, राजभाषा अधिकारी मॉयल नागपुर श्रीमती पूजा वर्मा, श्रीमती तेजेन्द्रर कौर कंमाडेंट 123 बटालियन, सुश्री हर्ष राय चांदनी, श्रीमती अर्चना कावडे, मोनेश्वर बिसेन स्नाकोत्तर शिक्षक के.वी, प्राजल अग्रवाल नेहरू युवा केन्द्र, अजय बैस एफपीओ केन्द्रिय संचार ब्यूरो, कुंवर विक्रम सिंह प्रमुख आकाशवाणी केन्द्र, विवेक महाकालकर एजीएम मॉयल, समीर बेनर्जी कार्मिक अधिकारी, नीतिन दुघे सिविल विभाग प्रमुख मॉयल, गौरव बैसखरियार विद्युत विभाग प्रमुख, श्रीमती यशोधरा सिंह टीजीटी हिन्दी, आशीष तिवारी वरिष्ठ प्रबंधक रचना सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा मॉयल की घरेलू पत्रिका मॉयल भारती के 12वें अंक का विमोचन किया गया।

तीन चरणों में आयोजित इस कार्यक्रम में सरकारी कामकाज में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर सौरभ आर्य वरिष्ठ अनुवादन अधिकारी इस्पात मंत्रालय नई दिल्ली ने सारगर्भित शब्दों में इस विषय पर विस्तार के साथ अपनी बात रखते हुए बताया कि किस तरह से हम कम्प्यूटर का उपयोग हिन्दी के कार्यो में कर सकते है। उन्होंने मंत्रालय द्वारा किस तरह से राजभाषा को प्राथमिकता देने के लिये नये नये तौर तरीके उपयोग किये जा रहे है उस पर भी प्रकाश डाला। उनके द्वारा दी गई जानकारी का उपस्थित जनों ने सराहना करते हुए अपनी जानकारी में वृद्धि किया। इसी कडी में राजभाषा कार्यान्वयन में हमारी भूमिका विषय पर अनिल त्रिपाठी उपनिदेशक राजभाषा आयकर विभाग नागपुर ने भी अपनी बात रखते हुए राजभाषा के उपयोग पर अपनी बात रखी।

## कुमावत का हुआ तबादला, शर्मा होंगे नए एसडीओपी



**कटंगी।** मध्यप्रदेश में पुलिस विभाग में बुधवार, 5 मार्च को बड़े स्तर पर सर्जरी की गई. इसमें 8 आईपीएस और 60 एसपीएस अफसरों के ट्रांसफर आदेश जारी किए गए है. इन अफसरों के तबादलों के दो अलग-अलग आदेश जारी हुए है. पहली एक लिस्ट में 4 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर और एक अन्य आदेश में 64 पुलिस अफसरों के तबादलों के आदेश जारी हुए है. जिसमें 8 आईपीएस अफसर शामिल हैं, बाकी राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी शामिल हैं. इस सूची में कटंगी एसडीओपी माणक मणि कुमावत का भी नाम शामिल है. उनका उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय भोपाल के लिए तबादला किया गया है. वहीं ग्वालियर जिले के डबरा एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा को कटंगी एसडीओपी बनाया गया है।